## शराब दुकान के विरोध में किया प्रदर्शन

▸ प्राचीन देवस्थान के पास खोली है दुकान

**रायसेन, 8 मई. जिले के नूरगंज थाना क्षेत्र के प्राचीन देवस्थान के पास नई शराब दुकान खुलने पर ग्रामीणों रोष है. स्वर्गीय मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के नाम पर बने यात्री प्रतीक्षालय को शराबियों का अड्डा बनाने के विरोध में ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया.**

महिलाओं ने खुलेआम कलारी हटाओ, देवस्थान बचाओ' के नारे लगाए.यह आंदोलन दोपहर 11 बजे से रात 8 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए.रात 8 बजे एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर शराब दुकान हटाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद



ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और वे घर लौट गए.

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले ही तहसीलदार को लिखित शिकायत दी थी.जनपद सदस्य, सरपंच सहित सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर विरोध जताया था, लेकिन मदिरा माफिया ने रातोंरात दुकान भरकर बिक्री शुरू कर दी. सामने आए वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि लोग शराब खरीदकर देवस्थान परिसर, मंदिर के चबूतरे और प्रतीक्षालय में ही पी रहे थे.

आक्रोशित महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि शराब दुकान नहीं हटाई गई, तो वे गांव में कहीं भी दुकान नहीं खुलने देंगी. उनकी मुख्य मांग है कि शराब दुकान को या तो गांव से हटाया जाए या उसका स्थान बदला जाए.एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार निलेश सरवटे ने ग्रामीणों को समझाया और शराब दुकान हटाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया.ग्रामीणों ने तहसीलदार को नोटिस जारी होने के बावजूद अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग तेज की है।

### आश्वासन के बाद भरोसा टूटा तो आंदोलन करेंगे

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि आश्वासन के बाद भी भरोसा टूटा, तो वे फिर से आंदोलन करेंगे. संगठन के सुरेंद्र कीर ने कहा कि धार्मिक स्थल की गरिमा बचाने के लिए तत्काल अवैध शराब दुकान बंद कराई जाए और माफिया पर एफआईआर दर्ज की जाए.उन्होंने गांववासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने की

## मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**रायसेन, 8 मई.** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत रात्रि ब्लैकआउट मॉक ड्रिल संबंधी कार्ययोजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य युद्ध, हवाई हमले या किसी अन्य राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान रोशनी को छिपाने के अभ्यास और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की जांच करना है.

बैठक में बताया गया कि इस मॉकड्रिल को सुचारू और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए विभागवार विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है. बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, सहायक कलेक्टर अंकित जैन सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में बताया गया कि मॉकड्रिल के दौरान जनता में दहशत न फैले, इसके लिए मॉकड्रिल से 2-3 दिन पहले पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाए.

## किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**बेगमगंज , 8 मई. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में हजारों किसान उपज बेचने के लिए भटक रहे हैं.कहीं बारदाना नहीं तो कहीं तोल कांटे कम और पिछले एक सप्ताह में 4 बार हुई तेज वर्षा से भीगा गेंहू , चना , मसूर से किसान त्रस्त हो गए हैं.**

यह बात क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल ने नवभारत प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कही. उन्होंने कहा कि मप्र सरकार हताश ओर परेशान किसानों को राहत देने की अपेक्षा जानबूझकर खरीदी में लेटलतीफी कर रही है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं ,चना एवं मसूर खरीदने के लिए खरीदी केंद्र तो स्थापित कर दिए लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते किसानों की उपज नहीं खरीदी जा रही है.





चार-चार दिन ट्रैक्टर ट्राली खरीदी केंद्रों पर खड़ी रखने के बाद भी किसानों का नंबर नहीं लग पा रहा है. इसके अतिरिक्त कई खरीदी केंद्रों पर बारदाना खत्म होने से तुलाई बंद हो गई है और खरीदी केंद्रों को बंद कर दिया गया था.ऐसे में पीड़ित किसानों के साथ कांग्रेस खड़ी है.

विधायक पटेल ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल किसानों का संपूर्ण गेहूं ,चना, मसूर खरीदी केंद्रों पर नहीं खरीदा गया तो कांग्रेस जनआंदोलन करने को बाध्य होगी.

विधायक ने कहा कि किसान गेहूं ,चना , मसूर बचने के लिए भटक रहे हैं ओर बिचौलियों के जाल में फंसकर कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं. इधर खरीदी केंद्रों पर मोनोपोली चल रही है. पहले किसानों के स्लॉट बुक नहीं हुए और अब जैसे तैसे कुछ किसानों की स्लॉट बुक हुए हैं तो खरीदी केंद्रों पर बारदाने की व्यवस्था नहीं होने से खरीदी केंद्र 4 दिन तक बंद होने से व्यवस्था ठप हो गई थी. केंद्रों पर सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े हुए है. किसान दिन रात केंद्रों पर डेरा डाले हैं.

### एक नजर में




## भाजपा बाड़ी मंडल की बैठक आयोजित

**बाड़ी, 8 मई .**भाजपा बाड़ी मंडल की बैठक आयोजित हुई .बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश सह प्रभारी जोधा सिंह अटवाल, भाजपा रायसेन के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी एवं भाजपा के पूर्व पार्षद रंजीत गौर सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे . मंच संचालन जीतमल जैन ने किया . बैठक में कई कार्यकर्ता उपस्थित थे .

## मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष बने राइन



**बेगमगंज , 8 मई .** मुस्लिम त्यौहार कमेटी का वार्षिक चुनाव सुरा कमेटी के सभी सदस्यों की मौजूदगी में समाज के प्रमुख चांद मियां एडवोकेट की सदारत में जामा मस्जिद में संपन्न हुए .सुरा कमेटी के सभी सदस्यों से अलग-अलग राय लेने एवं चुनाव में शामिल होने आए सैकड़ों लोगों की राय लेने के बाद सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी मोहम्मद आरिफ राइन को मुस्लिम त्योहार कमेटी का अध्यक्ष चुना गया . सुरा कमेटी के द्वारा अध्यक्ष के नाम का ऐलान होते ही आरिफ राइन का पुष्पमालाओं से स्वागत किया . इसके पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष का विजय जुलूस जामा मस्जिद मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचा . जगह-जगह लोगों ने अध्यक्ष आरिफ का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया,समर्थकों द्वारा बम पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया गया .

## गांव की बेटी बनी डॉक्टर



**बेगमगंज , 8 मई .** ग्रामीण अंचल परिवेश में पली-बढ़ी और पढ़ी पिपलिया गांव की बेटी ने अच्छे नंबरों से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करके परिवार सहित गांव का नाम रोशन किया है . ग्राम पंचायत पिपलिया निवासी साक्षी पटेल द्वारा एमबीबीएस की डिग्री हासिल किए जाने पर उनकी सरपंच मां एवं पिता भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष नारायण पटेल सहित ग्रामवासियों ने डॉ. साक्षी पटेल का स्वागत करते हुए , मिष्ठान वितरण किया गया . गांव की बेटी के डॉक्टर बनने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई .

## सुल्तानगंज क्षेत्र के प्रगणक, सुपरवाइजर सम्मानित



**बेगमगंज , 8 मई .** जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण में मकानों की समय सीमा के अंदर गणना करने वाले 10 एचएलबी के कर्तव्यनिष्ठ प्रगणक साथियों का पर्यवेक्षक राजकुमार सिंह सोलंकी द्वारा सम्मान किया गया . सुपरवाइजर एवं सभी प्रगणक ने संकल्प दोहराया कि जनगणना का कार्य भी पूरी मुस्तादी से प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निष्पक्षता से किया जाएगा .

## चोर से 1.21 लाख का माल बरामद

**रायसेन,8 मई. जिले की बरेली पुलिस ने 22-23 अप्रैल की रात हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.आरोपी के कब्जे से 720 ग्राम चांदी के जेवर व 3000 नगद सहित कुल 1 लाख 21 हजार रुपये का मशरूका बरामद हुआ है.**

एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने टीम गठित की.मुखबिर की सूचना पर संदेही अजय पारदी निवासी अमरावद कला, थाना बाड़ी को पकड़ा.पूछताछ में उसने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूला. गिरफ्तार अजय पारदी (47) के खिलाफ थाना बाड़ी में भी चोरी का केस दर्ज



है.मामले में फरार 4 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.आरोपी को न्यायालय पेश किया गया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, उपनिरीक्षक रामप्रसाद गोहे, नेहा अहिरवार, सहायक उपनिरीक्षण सोन सिंह, संतोष रघुवंशी, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, संजय यादव, नारायण भार्गव, आरक्षक मुकेश यादव, महेन्द्र राजावत, मुकेश पटेल, देवेन्द्र राजपूत व साइबर टीम रायसेन की अहम भूमिका रही.

## आज लगेगी नेशनल लोक अदालत

**रायसेन, 8 मई.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा.रायसेन में होने वाली नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा. नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले निपटाए जाएंगे.



## मानपुर में कथा शुरू, कलश यात्रा निकली

**बेगमगंज , 8 मई.** ग्राम मानपुर के सिद्ध क्षेत्र बालाजी धाम टेकरी मंदिर पर शुक्रवार से श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ हो गया. यजमान रूपसिंह लोधी एवं नपाध्यक्ष संदीप लोधी, भाजपा अध्यक्ष व पार्षद अजय जाट सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भव्य कलश एवं श्री रामायण जी की शोभायात्रा निकाली गई. कथावाचक पंडित नवीन बिहारी कथा का वाचन करेंगे. यजमान रूपसिंह लोधी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है.

## बारिश से कृषि मंडी में रखा सैकड़ों क्विंटल गेहूं भीगा



**बेगमगंज , 8 मई. शुक्रवार आज शाम 5 बजे अचानक चमक- गरज के साथ हुई तेज बारिश ने अफरा-तफरी मचा दी. करीब आधा घंटे की तेज बारिश ने चारों ओर पानी ही पानी कर दिया. कृषि उपज मंडी प्रांगण में व्यापारियों द्वारा खरीदा गया करीब एक हजार क्विंटल गेहूं भीग गया.**

बारिश होने से व्यापारी परेशान होते देखे गए. व्यापारियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में चौथी बार बारिश होने से उनका गेहूं भीगा है क्योंकि मंडी प्रांगण में टीनशेड ी कमी होने से खुले में गेहूं रखना पड़ता है. अनाज व्यापारी राजा भार्गव का कहना है कि किसानों से नीलामी में गेहूं खरीदी की गई थी. तुलाई के बाद गेहूं मैदान में भरने के लिए रखा था. करीब 60 हजार रुपए का गेहूं खराब हरे गया है.

इसके अतिरिक्त संयम ट्रेडर्स , सेतिया ट्रेडर्स एवं आयर्न ट्रेडर्स द्वारा खरीदा गया गेंहू भीग गया है.कृषि उपज मंडी सचिव अनुराग रघुवंशी ने बताया कि बारिश नीलामी में खरीदा गया केवल व्यापारियों का गेंहू भीगा है. किसानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है.

## सांची विवि में सामूहिक सफाई अभियान

**सलामतपुर, 8 मई.सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में सामूहिक श्रमदान द्वारा परिसर को साफ सुथरा किया गया. छात्रों, शोधार्थियों, शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक अधिकारी एवं कर्मचारी दस्ताने पहनकर गर्मी तथा तापमान की चिंता किए बगैर साफ सफाई में जुटे.**

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों ने संकल्प लिया है कि हर 15 दिवस में श्रमदान कर अपने परिसर को पूर्णत: कचरा मुक्त कर के ही रहेंगे.इस बार अकादमिक बिल्डिंग के आस-पास साफ सफाई की गई. कुलसचिव प्रो.



रामनिवास गुप्ता ने कहा कि श्रमदान से परिसर को साफ सुथरा रखने की भावना प्रबल होती है और वह हमारे व्यवहार में उतर जाती है. भारतीय चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुष्मिता नंदी ने कहा कि हम सबको प्रयास करना चाहिए कि ऐसा कचरा जो जमीन में नष्ट नहीं हो सकता उसे यूं ही न फेंके बल्कि उसे डस्टबिन में ही डालें. यह छोटी सी कोशिश भी पर्यावरण की सेवा होगी. सांची विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों और छात्रों ने आह्वान को दोहराया कि हर 15 दिन में 15 मिनट सफाई कर अपने कैंपस को साफ-सुथरा करेंगे.

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर को प्रशंसा पत्र

**रायसेन, 8 मई.** युवाजनों के लिए युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा को रोजगार आयुक्त द्वारा प्रशंसा पत्र भेजा गया है. रायसेन जिले ने मार्च में प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग सूची में चौथा स्थान हासिल किया है. इस सराहनीय कार्य के लिए रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने कलेक्टर विश्वकर्मा कोप्रशंसा पत्र भेजा है. साथ ही जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान को भी प्रशंसा पत्र भेजा है.

## जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**रायसेन, 8 मई.** जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 9 मई को दोपहर 12 बजे बजे मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में सांसदगण, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे.

## खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

▸ किसान पोर्टल से कर सकते हैं बुकिंग

**रायसेन, 8 मई.** खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी हेतु प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख लाख मीट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके, 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपीएनपीके तथा 3.56 लाख मीट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है. प्रदेश में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है. किसान आवश्यकतानुसार खाद अपनी सोसायटी/मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर खाद को उठा सकते है.


यदि किसान चाहे तो पुन: पोर्टल पर प्रक्रिया का पालन कर अपनी मर्जी अनुसार खाद बुक कर अपनी सुविधानुसार उठा सकता है.

**कथा** ▸ प्राण-प्रतिष्ठा और श्रीराम महायज्ञ का आयोजन

## जो भगवान को प्रिय है, वही धर्म : डॉ. राघवाचार्य

**उदयपुरा, 8 मई. नौ दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, श्रीराम महायज्ञ, रामकथा प्रवचन, वाल्मीकि रामायण महोत्सव एवं संत समागम समारोह के पांचवे दिन अयोध्या धाम से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं संत शिरोमणि डॉ. राघवाचार्य ने धर्म, सत्य, वेद और सनातन संस्कृति पर प्रवचन दिए.**

अपने प्रवचन में डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि जो भगवान को प्रिय है वही धर्म है और जो भगवान को अप्रिय है वही अधर्म है. उन्होंने कहा कि धर्म केवल कर्मकांड या बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भगवान के प्रति समर्पण, सत्य, सदाचार और आत्मिक निकटता का नाम है. ईश्वर के मार्ग पर चलना, उनके आदर्शों को आत्मसात करना तथा उनके



सानिध्य में जीवन जीना ही वास्तविक धर्म है.

उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव ईश्वर की ओर उन्मुख होकर जीवन जीना चाहिए, क्योंकि भगवान से दूरी ही अधर्म की ओर ले जाती है. गायत्री मंत्र की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र में 24 वर्ण हैं, जो भगवान के 24 अवतारों के प्रतीक माने जाते हैं. गायत्री मंत्र केवल मंत्र नहीं, बल्कि ईश्वर का साक्षात स्वरूप है. रामायण सहित अनेक धर्मग्रंथों में इसकी महिमा का वर्णन मिलता है. यह मंत्र मानव जीवन में आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मबल का संचार करता है.

### देशभर से संत-महात्माओं का आगमन

समारोह में विभिन्न राज्यों से संत, आचार्य एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं. रामानुजाचार्य एवं वल्लभाचार्य परंपरा के संतों सहित क्षेत्रीय संतों की गरिमामयी उपस्थिति समारोह को विशेष आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान कर रही है. प्रतिदिन आयोजित हो रही रामलीला की भावपूर्ण एवं रोचक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं. वहीं विशाल भंडारे का आयोजन भी निरंतर जारी है.

## आर्थिक कल्याण योजना में आवेदन आमंत्रित

**रायसेन, 8 मई.** मप्र शासन द्वारा संचालित की जा रही डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 का लाभ लेकर जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं/महिलाओं को लाभान्वित करने का 99 इकाई का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है.योजना के तहत आवेदक को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से 10 हजार रू से एक लाख रू तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा.मप्र शासन की ओर से योजना के तहत स्वीकृत इकाई की लागत पर 07 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 5 वर्षो तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा. इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा वह अनुसूचित जाति वर्ग का सदस्य हो.आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिए.

## बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**गैरतगंज, 8 मई. भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गैरतगंज की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन प्रभारी राजो मालवीय उपस्थिति रहीं. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है.

उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति नीति और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याण कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका



निभानी चाहिए. उन्होंने आगामी कार्यक्रम एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई ने नगर विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार विकास और जन सेवा के लिए प्रतिबद्ध है मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजू ने संगठन को मजबूत बनाने एवं प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की कल्याण कारी योजना को घर-घर पहुंचाने पर बल दिया. नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया. बैठक में भाजपा के संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं भारी संख्या मे शामिल हुए.